पत्र संख्या स्था0अरा0/ /EIMS/ / 2021–22/ / 1208 / /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर,वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक 05 जुलाई,2021

1. समस्त एडीशनल कमिश्नर,
   वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।
2. अपर निदेशक(प्रशिक्षण)
   वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,लखनऊ।
3. समस्त अनुभाग अधिकारी
   वाणिज्य कर मुख्यालय।

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या 916 दिनांक 17.06.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 में तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की ऑनलाइन वार्षिक प्रविष्टि माड्यूल के अन्तर्गत प्रतिवेदक द्वारा 30 जून तथा स्वीकर्ता द्वारा दिनांक 15 जुलाई तक अपना मंतव्य ऑनलाइन माड्यूल में अंकित किये जाने की समय सीमा निर्धारित की गई थी।

मुख्यालय पर अनेकों ई–मेल प्राप्त हुये है जिसमें कोविड महामारी के कारण पचास प्रतिशत स्टाफ तथा कई कार्मिकों के पोस्ट कोविड समस्यों के कारण प्रतिवेदक तथा स्वीकर्ता की मंतव्य अंकित करने की तिथि को पुनः निर्धारित करते हुये पोर्टल को फिर से खोल दिये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 की ऑनलाइन वार्षिक प्रविष्टि में प्रतिवेदक द्वारा मंतव्य अंकित करने की तिथि दिनांक 30.07.2021 तथा स्वीकर्ता की तिथि दिनांक 10.08.2021 को निर्धारित करते हुये ऑनलाइन पोर्टल को पुनः खोल दिया गया है।

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन)वाणिज्य कर
मुख्यालय,लखनऊ।

<u>पृष्ठाकंन पत्र संख्या व दिनांक उक्त</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषितः–

1. अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,गोमती नगर,लखनऊ।
2. समस्त अनुभाग अधिकारी,वाण्जिय कर मुख्यालय ,लखनऊ।
3. समस्त पटल प्रभारी–स्थापना अराजपत्रित अनुभाग,वाणिज्य कर मुख्यालय,लखनऊ।
4. आई०टी०अनुभाग को इस आशय से प्रेषित कि ई0आईएम0एस0 माड्यूल में उक्तानुसार अपडेट किया जाना है तथा पत्र को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. चरित्र पंजिका,स्थापना अराजपत्रित,वाणिज्य कर मुख्यालय।

(पी0एन0 यादव)
ज्वाइण्ट कमिश्नर (स्था0अराज0)वाणिज्य कर
मुख्यालय,लखनऊ।